भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग व सिस्टम डिवीजन

रामचंद्रपुरम, हैदराबाद 502032

विज्ञापन संख्या एफटीए 2019/02

अनुभवी इंजीनियरिंग पेशेवरों (सिविल एवं इलेक्ट्रिकल) की आवश्यकता

बीएचईएल, भारत का प्रमुख इंजीनियरिंग उद्‌यम है जो भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों जैसे विद्‌युत उत्पादन और ट्रांसमिशन, उद्‌योग, परिवहन, तेल और गैस, अक्षय ऊर्जा, रक्षा आदि के लिए विश्वस्तरीय उत्पादों और सेवाओं को प्रदान करता हैं। यह 17 विनिर्माण इकाइयों का व्यापक नेटवर्क है, 4 पावर सेक्टर क्षेत्रीय केंद्र, 8 सेवा केंद्र, 15 क्षेत्रीय कार्यालय, 4 विदेशी कार्यालय और बड़ी संख्या में परियोजना साइटें देश और विदेश में हैं।

प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग और सिस्टम डिवीजन (पीई व एसडी) सभी गैस आधारित सीसीपीपी, 150 मेगावाट से कम क्षमता के इंडस्ट्रियल सेट एवं यूटिलिटी पावर संयंत्रों की सिस्टम इंजीनियरिंग और बीओपी आपूर्ति आवश्यकताओं को पूरा करता है। डिवीजन विविधीकरण प्रयासों के तहत थर्मल, हाइड्रो और इंडस्ट्रियल यूटिलिटी जैसे सभी संयंत्रों को अग्नि सुरक्षा प्रणाली उपलब्ध कराता है। अभी हाल ही में सोलर पीवी आधारित संयंत्रों का इरेक्शन और कमीशनिंग, नगर निगम के जल शोधन उपचार संयंत्र के ईपीसी, स्मार्ट सिटी लेक प्यूरिफिकेशन परियोजनाओं हेतु आपूर्ति (बीओपी) में भी प्रवेश किया है। पीई व एसडी अब ईपीसी आधार पर रेलवे विद्‌युतीकरण परियोजनाओं पर भी काम कर रहा हैं। पीई व एसडी को मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में स्थित बिरलानगर-इटावा, बिरलानगर-इटावा (झांसी मंडल), भंडाई-उड़ी (आगरा मंडल) और फरुखाबाद-शिकोहाबाद सहित मैनपुरी-इटावा (इलाहाबाद मंडल) खंडों पर रेलवे विद्‌युतीकरण परियोजनाओं के लिए **अनुभवी सिविल और इलेक्ट्रिकल विषयों में इंजीनियरों और पर्यवेक्षकों** की विशुद्ध रूप से **नियत कार्यकाल आधार पर** निम्नानुसार आवश्यकता है:

पद	रिक्त पदों की संख्या				नियत कार्यकाल की अवधि
	भिंड**	बाह**	करहल**	कुल	
अभियंता (एफटीए-सिविल)	2	2	2	6	**600 दिन** या परियोजना की समाप्ति जो भी पहले हो
अभियंता (एफटीए-इलेक्ट्रिकल)	1	1	1	3	
पर्यवेक्षक (एफटीए-सिविल)	3	3	3	9	
पर्यवेक्षक (एफटीए-इलेक्ट्रिकल)	3	3	3	9	
कुल	9	9	9	27*	

*रिक्तियों की कुल संख्या संभावित है और बीएचईएल के विवेकाधिकार पर वास्तविक आवश्यकता के आधार पर भिन्न हो सकती है।

**दर्शाई गईं साइटों के स्थान संभावित हैं और परियोजना की आवश्यकता के अनुसार भिन्न होने की संभावना है। चयनित उम्मीदवार को मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में स्थित रेलवे विद्‌युतीकरण परियोजनाओं की किसी भी साइट पर पोस्ट करने का अधिकार बीएचईएल को होगा।

कार्य विनिर्देश

पद	आवश्यक शैक्षणिक योग्यता	कार्य अनुभव
अभियंता (एफटीए-सिविल)	सामान्य/ अ.पि.व. के लिए न्यूनतम 60% अंकों और अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 50% अंकों के साथ मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/ संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में इंजीनियरिंग/ प्रौद्योगिकी में पूर्णकालिक स्नातक उपाधि या 5 वर्षीय एकीकृत मास्टर डिग्री या सिविल अभियांत्रिकी में इंजीनियरिंग/ प्रौद्योगिकी में दोहरी उपाधि कार्यक्रम।	**योग्यता के पश्चात (या तो संयुक्त रूप से या अलग-अलग रूप में)** निम्नलिखित में से किसी क्षेत्र में कम से कम **3 वर्ष का अनुभव :** अनिवार्य: रेलवे विद्युतीकरण परियोजनाओं में सिविल एवं स्ट्रक्चरल कार्य/ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन/ पावर प्लांट/ रिफाइनरी या वृहद औद्योगिक/ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का निष्पादन। वांछनीय: परियोजना निष्पादन और बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान।
अभियंता (एफटीए-इलेक्ट्रिकल)	सामान्य/ अ.पि.व. के लिए न्यूनतम 60% अंकों और अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 50% अंकों के साथ मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/ संस्थान से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में इंजीनियरिंग/ प्रौद्योगिकी में पूर्णकालिक स्नातक उपाधि या 5 वर्षीय एकीकृत मास्टर डिग्री या इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में इंजीनियरिंग/ प्रौद्योगिकी में दोहरी उपाधि कार्यक्रम।	**योग्यता के पश्चात (या तो संयुक्त रूप से या अलग-अलग रूप में)** निम्नलिखित में से किसी क्षेत्र में कम से कम **3 वर्ष का अनुभव :** अनिवार्य: रेलवे विद्युतीकरण परियोजनाओं में इलेक्ट्रिकल सिस्टम कार्य/ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन/ पावर प्लांट / रिफाइनरी या वृहद औद्योगिक/ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का निष्पादन। वांछनीय : परियोजना निष्पादन और बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान।
पर्यवेक्षक (एफटीए-सिविल)	सामान्य/अ.पि.व. के लिए न्यूनतम 60% अंकों के साथ और अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 50% अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/ संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक डिप्लोमा।	**योग्यता के पश्चात (या तो संयुक्त रूप से या अलग-अलग रूप में)** निम्नलिखित में से किसी क्षेत्र में कम से कम **3 वर्ष का अनुभव :** अनिवार्य: रेलवे विद्युतीकरण परियोजनाओं में सिविल एवं स्ट्रक्चरल कार्य/ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन/ पावर प्लांट/ रिफाइनरी या वृहद औद्योगिक/ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का निष्पादन। वांछनीय : परियोजना निष्पादन और बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान।

पर्यवेक्षक (एफटीए-इलेक्ट्रिकल)	सामान्य/अ.पि.व. के लिए न्यूनतम 60% अंकों के साथ और अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 50% अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/ संस्था से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में पूर्णकालिक डिप्लोमा।	**योग्यता के पश्चात (या तो संयुक्त रूप से या अलग-अलग रूप में)** निम्नलिखित में से किसी क्षेत्र में कम से कम **3 वर्ष का अनुभव :** अनिवार्य: रेलवे विद्युतीकरण परियोजनाओं में इलेक्ट्रिकल सिस्टम कार्य/ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन/ पावर प्लांट/ रिफाइनरी या वृहद औद्योगिक/ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का निष्पादन। वांछनीय : परियोजना निष्पादन और बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान।

नोट: हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान वांछनीय है।

यदि चिन्हित किए गए अंक सीजीपीए में हैं तो प्रतिशत अंक में बदलने के लिए 10 से गुणा किया जाएगा।

आरक्षण और छूट

पद	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व. (एनसीएल)	ईडब्ल्यूएस	कुल
अभियंता (एफटीए-सिविल) एवं (एफटीए-इलेक्ट्रिकल)	6	1	0	2	0	9
पर्यवेक्षक (एफटीए-सिविल) एवं (एफटीए-इलेक्ट्रिकल)	10	2	1	4	1	18

अनारक्षित – अनारक्षित, अ.पि.व.(एनसीएल) – अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रिमी लेयर), अ.जा. - अनुसूचित जाति, अ.ज.जा. - अनुसूचित जनजाति, ईडब्ल्यूएस - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग

अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित रिक्तियों का आशय केवल "नॉन क्रिमी लेयर" के तहत आने वाले उम्मीदवारों के लिए है। आर्थिक रूप से कमजोर उम्मीदवारों के लिए आरक्षण सरकार के निर्देशों के अनुसार होगा।

अधिकतम आयु सीमा : 35 वर्ष# (01.04.2019 को)

#अधिक अनुभव वाले उम्मीदवारों के मामले में (3वर्षों के न्यूनतम अनुभव से अधिक) प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष के अनुभव तक आयु सीमा बढ़ाई जाएगी।

अधिकतम आयु सीमा में छूट:

- अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रिमी लेयर) के लिए 3 वर्ष
- अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लिए 5 वर्ष
- दिव्यांगजनों के लिए :-
  - सामान्य के लिए 10 वर्ष तक
  - अपिव (नॉन क्रिमी लेयर) के लिए 13 वर्ष तक
  - अनु.जाति / अनु.जनजाति के लिए 15 वर्ष तक
- पूर्व सैनिकों के लिए छूट जारी सरकारी नियमों के अनुसार होंगी।

- पी डब्ल्यू डी उम्मीदवारों के लिए आरक्षण सरकार के निर्देशों के अनुसार होगा।
- 01.01.1980 से 31.12.1989 तक की अवधि के दौरान सामान्य रूप से जम्मू-कश्मीर राज्य में अधिवास किए उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष की छूट।

पारिश्रमिक एवं अन्य परिलब्धियों का विवरण

उपरोक्त पदों के लिए चुने गए उम्मीदवारों को एक सर्वसमावेशिक, मासिक समेकित पारिश्रमिक का भुगतान निम्न प्रकार से किया जाएगा:

पद	सर्वसमावेशी समेकित पारिश्रमिक प्रति माह	टिप्पणी
अभियंता (एफटीए-सिविल) एवं (एफटीए- इलेक्ट्रिकल	Rs.66,000/-	इसके अतिरिक्त, स्वयं, जीवनसाथी और आश्रित परिवार के लिए रु. 2 लाख तक की मेडिक्लेम पॉलिसी के प्रीमियम की प्रतिपूर्ति।
पर्यवेक्षक (एफटीए-सिविल) एवं (एफटीए- इलेक्ट्रिकल)	Rs.36,850/-	

कार्यग्रहण यात्रा भत्ता:
कार्यग्रहण के लिए आने पर नियुक्त व्यक्ति स्वयं के लिए द्वितीय श्रेणी के रेल किराए के लिए पात्र है।

आवास/ निवास:
नियुक्त व्यक्ति को आवास या निवास नहीं दिया जाएगा, उपर्युक्त समेकित पारिश्रमिक में मकान किराया भत्ता शामिल है।

अवकाश सुविधा:
बीच में पड़ने वाली छुट्टियों के अलावा प्रति 20 दिनों के कार्य पर एक दिन की भुगतान योग्य छुट्टी स्वीकार्य होगी।

चयन प्रक्रिया

अधिक संख्या में आवेदनों की प्राप्ति की स्थिति में, साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या अभियंताओं के लिए डिग्री (सिविल और इलेक्ट्रिकल) एवं पर्यवेक्षकों के लिए डिप्लोमा (सिविल और इलेक्ट्रिकल) के लिए प्रासंगिक योग्यता में अर्हक अंकों के आधार पर, रिक्तियों की संख्या की 1:10 तक सीमित रखा जाएगा। यदि पात्र आवेदकों की संख्या रिक्त पदों की संख्या के 1:10 से कम है, तो सभी पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

स्वास्थ्य मानदंड

अभ्यर्थी को शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। नियुक्ति से पूर्व कंपनी के अधिकृत चिकित्सा अधिकारी द्वारा चयनित अभ्यर्थी की चिकित्सा जांच की जाएगी और कंपनी द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों की ही नियुक्ति की जाएगी। स्वास्थ्य मानकों में कोई छूट नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थियों को उनके अपने हित में यह सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पूर्व पूर्ण रूप से अपनी चिकित्सा जांच किसी सक्षम चिकित्साधिकारी से करवा लें।

आवेदन कैसे करें

स्टेप 1: ऑनलाइन आवेदन करना:

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन करते समय अपने प्रमाणपत्र/ दस्तावेज तैयार रखें: ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रत्येक सेक्शन (व्यक्तिगत विवरण, शिक्षा योग्यता विवरण, आदि) को भरें। चिन्हित **(*)** फील्ड को भरना अनिवार्य हैं। ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूरा भरने के बाद, सब्मिट बटन पर क्लिक करें। आवेदन जमा होने पर एक पावती संख्या प्राप्त होगी। यह संख्या महत्वपूर्ण है क्योंकि ऑनलाइन आवेदनपत्र के शेष स्टेप को पूर्ण करने के लिए लॉग इन करते समय इस संख्या की आवश्यकता होगी। श्रेणी जैसे ओबीसी (अन्य पिछड़ी जाति), एससी (अनुसूचित जाति) एवं एसटी (अनुसूचित जनजाति) एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में सावधानी से भरा जाना चाहिए क्योंकि इसे बाद में परिवर्तित करने की अनुमति नहीं होगी। इसी प्रकार ऑन-लाइन आवेदन में भरे गए अंकों को ऑन-लाइन आवेदन जमा करने के बाद नहीं बदला जा सकता है।

स्टेप 2: स्कैन इमेज और दस्तावेज़ों को अपलोड करना:

1. आवेदक अपने संबंधित दस्तावेज अवश्य अपलोड करें।
2. धुंधली/ बदलाव की गई इमेज/ गलत दस्तावेज़ को अपलोड करने वाले अभ्यर्थी अयोग्यता के पात्र होंगे।

दस्तावेजों को अपलोड करना इंटरनेट की कनेक्टिविटी स्पीड पर निर्भर है। दस्तावेज अपलोड नहीं होने की स्थिति में, स्क्रीन पर दस्तावेज़ के सामने हरे रंग का टिक निशान आने तक पुनः अपलोड करने का प्रयास करते रहें।

1. फोटो 500 KB से अधिक नहीं होना चाहिए एवं jpg format में होना चाहिए।
2. हस्ताक्षर 250 KB से अधिक नहीं होना चाहिए एवं jpg format में होना चाहिए।
3. जाति प्रमाण-पत्र (अ.जा./ अ.ज.जा./ अ.पि.व.- नॉन-क्रीमी लेयर), यदि लागू हो तो।
4. नॉन-क्रीमी लेयर वाले अ.पि.व. उम्मीदवारों द्वारा निर्धारित प्रारूप में स्व-वचनबद्धता दी जाए।
5. निर्धारित प्रारूप में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रमाण-पत्र।
6. जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में एसएसएलसी/ मैट्रिक प्रमाण-पत्र।
7. डिग्री/ पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री एवं/ या डिप्लोमा प्रमाण पत्र के साथ अंक-सूची, जैसा लागू हो।
8. मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण-पत्र (केवल दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए)|
9. कार्यमुक्ति प्रमाण-पत्र (केवल भूतपूर्व सैनिकों हेतु)।
10. अधिवास प्रमाण-पत्र (केवल जम्मू और कश्मीर के अभ्यर्थियों हेतु)।
11. कार्य अनुभव की अवधि के समर्थन में दस्तावेज:

(क) कार्यग्रहण - कंपनी/ संगठन से कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र।
(ख) कंपनी/ संगठन द्वारा जारी किए गए अनुभव/ सेवा प्रमाणपत्र।
(अनुभव प्रमाण पत्र में प्रत्येक संगठन में कार्यग्रहण और कार्यमुक्ति की तिथि स्पष्ट रूप से दर्शाई गई हो।)
(ग) वर्तमान/ पिछले नियोक्ता(ओं) द्वारा जारी आईटीआर या फॉर्म -16 के साथ वेतन प्रमाण-पत्र।

(क्रम संख्या 3 से 11 तक के image, 3 MB से अधिक नहीं होनी चाहिए एवं PDF format में ही होने चाहिए)।

दिए गए विनिर्देशों के अनुसार ऊपर वर्णित दस्तावेजों को हमारी वेबसाइट https:// web.bhelhyd.co.in एवं https://careers.bhel.in पर अपलोड करें।

अभ्यर्थी आवश्यकतानुसार सभी संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थी “व्यू फाइल” बटन पर क्लिक कर अपलोड किए हुए दस्तावेज़ की स्थिति को देख सकते हैं। सभी दस्तावेजों के अपलोड होने के पश्चात 'सब्मिट डॉक्युमेंट्स' बटन पर क्लिक करें। यह आपको सीधे भुगतान विकल्प पर ले जाएगा, यदि लागू है।

नोट: यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है तो, सभी दस्तावेजों की मूल प्रतियां सत्यापन के लिए प्रस्तुत करनी होंगी।

स्टेप 3: प्रोसेसिंग शुल्क का भुगतान

अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों द्वारा रु. 200 /- (केवल दो सौ रुपये मात्र) गैर-वापसीयोग्य प्रोसेसिंग शुल्क देय है।

“अ.जा./ अ.ज.जा., भूतपूर्व सैनिकों और दिव्यांग अभ्यर्थियों को शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है।”

अन्य उम्मीदवारों को नेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से प्रोसेसिंग शुल्क का भुगतान करना होगा।

शुल्क के सफलतापूर्वक भुगतान होने पर ही आवेदक द्वारा आवेदन जमा करने की प्रक्रिया को पूरा माना जाएगा।

सामान्य नियम और शर्तें

केवल भारतीय नागरिक ही पद के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

पद पूरी तरह से अस्थायी प्रकृति के हैं एवं केवल विज्ञापन में उल्लिखित रेलवे विद्युतीकरण परियोजना स्थलों के लिए इंजीनियरों और पर्यवेक्षकों की आवश्यकता हेतु है और यह पद कार्यग्रहण के 600 दिनों अथवा चिन्हित परियोजना कार्य समाप्त होने पर, जो भी पहले हो, के साथ समाप्त हो जाएंगे। यहां पर अधिसूचित अवधि के लिए इंगेजमेंट केवल नियत कार्यकाल अवधि आधार पर होगी। अधिसूचित परियोजना के पहचाने गए कार्य के लिए नियत कार्यकाल अवधि आधार पर उम्मीदवारों का चयन किसी भी स्थायी रिक्ति के लिए नहीं है और चयनित उम्मीदवारों को उनकी इंगेजमेंट और/ या भविष्य में कभी भी बीएचईएल में नियमित/ स्थायी रोजगार के लिए किसी भी दावे का हकदार नहीं होगा।

अ.जा./अ.ज.जा./अन्य पिछड़ा वर्ग/ दिव्यांग अभ्यर्थी/भूतपूर्व सैनिकों की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को इसके समर्थन में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित प्रति अपलोड करनी चाहिए। अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवारों को अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र (नॉन-क्रीमी लेयर) (भारत सरकार के तहत पदों के लिए नियुक्ति के लिए लागू प्रारूप में प्रमाण पत्र) जो ***01/04/2018*** को या उसके बाद जारी किया गया हो । अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवारों को एक स्व-वचनबद्धता पत्र अपलोड करना भी आवश्यक है कि वे अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) से संबधित हैं। **जो अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवार नॉन-क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं हैं, उन्हें अपनी श्रेणी को केवल 'सामान्य' के रूप में दर्शाना चाहिए।**

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के तहत आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा जारी डीओपीटी कार्यालय ज्ञापन दिनांक 19.01.2019 'सिविल पदों और सेवाओं के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण*(EWSs)'* के तहत निर्धारित शर्तों को पूरा करना चाहिए। ऐसे उम्मीदवारों को अपने आवेदन के साथ अधिकारी (तहसीलदार से नीचे के पद का न हो) द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में अपने "परिवार की आय और संपत्ति" (हमारी वेबसाइट में उपलब्ध) को प्रमाणित करने के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र संलग्न करना चाहिए।

दिव्यांग उम्मीदवारों और पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण सरकार के निर्देशों के अनुसार होगा। जैसा कि क्षैतिज आधार पर है, रिक्तियों को अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग द्वारा उचित श्रेणी में समायोजित करते हुए भरा जाएगा।

साक्षात्कार के लिए चयनित किए गए बाहरी उम्मीदवारों को यात्रा का प्रमाण प्रस्तुत करने पर उनके डाक पते या यात्रा प्रारभ करने के स्टेशन, जो भी निकट हो से साक्षात्कार स्थल तक आने-जाने हेतु द्वितीय श्रेणी के रेलयात्रा के किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

नौकरी की आवश्यकताओं के अनुरूप पात्रता होने मात्र से ही उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए पात्र नहीं हो जाता है। प्रबंधन के पास बिना किसी कारण बताए भर्ती प्रक्रिया को संशोधित/पुनर्निर्धारण/रद्दीकरण/निलंबन करने का अधिकार सुरक्षित है। प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और उस पर किसी भी तरह की अपील को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

भूल-सुधार/ विस्तार और कोई भी अन्य जानकारी, आदि हमारी वेबसाइट https://web.bhelhyd.co.in एवं https://careers.bhel.in पर प्रकाशित की जाएगी।

उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे उस पद के लिए निर्धारित आवश्यक पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं जिसके लिए उन्होंने आवेदन किया है।यदि किसी स्तर पर या चयन के दौरान या चयन के बाद यह पाया जाता है कि उम्मीदवार पात्रता की शर्तों को पूरा नहीं करता है और उसके द्वारा प्रमाणित तथ्य /संलग्न दस्तावेज उचित और सत्य नहीं हैं, तो उम्मीदवार का चयन/नियुक्ति किसी भी समय बिना कारण बताए रद्द कर दी जाएगी।

सरकारी/अर्ध सरकारी/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/स्वायत्त निकायों में नियोजित उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन करना होगा या साक्षात्कार के समय 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' प्रस्तुत करना होगा। हालांकि, कठिनाई की स्थिति में, वे सीधे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और चयन की स्थिति में अपने संगठन का कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

वे ऑनलाइन आवेदन पत्र, जो इस विज्ञापन में उल्लिखित आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं या अपूर्ण हैं या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किए गए हैं या आवश्यक संलग्नकों के बिना अपलोड किए गए हैं, ऐसे आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात अलग से भेजे गए दस्तावेजों या अलग से भेजी गई प्रोसेसिंग शुल्क को अपडेट करने की ज़िम्मेदारी बीएचईएल की नहीं होगी।

ऑनलाइन आवेदन पत्र और अन्य संबंधित दस्तावेजों की प्रिंट आउट कॉपी की प्रतिलिपि बीएचईएल कार्यालय को भेजने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि उम्मीदवार भविष्य में संदर्भ के लिए अंतिम रूप से प्रस्तुत ऑनलाइन फॉर्म का प्रिंट आउट रख सकता हैं।

साक्षात्कार/नियुक्ति के लिए चयनित न हो पाने वाले अभ्यर्थियों के साथ कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

किसी भी रूप में पक्षपुष्टि (कैनवासिंग) अयोग्यता मानी जाएगी।

इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले दावे या विवाद के किसी भी मामले में कोई कानूनी कार्यवाही और/ या इसके उत्तर के संबंध में कोई आवेदन केवल हैदराबाद में किया जा सकता है एवं इस बारे में हैदराबाद की अदालत/अधिकरणों/मंचों का एकमात्र और अनन्य क्षेत्राधिकार होगा।

चयनित अभ्यर्थियों की सेवा शर्तें नियुक्ति के प्रस्तावों में विशेषतया अनुबद्ध नियमों और शर्तों एवं लागू वैधानिक प्रावधानों के तहत निर्धारित होंगी।

बीएचईएल की भर्ती वेबसाइट (https://web.bhelhyd.co.in and http://careers.bhel.in) पर सभी आवश्यक विवरण जैसे कि चयन, आवेदन कैसे करें, सामान्य निर्देश, ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि, साक्षात्कार, इत्यादि से संबंधित सूचना उपलब्ध होगी। इस अधिसूचना के बारे में किसी भी प्रकार की सूचना केवल उपरोक्त साइट पर उपलब्ध होगी, किसी और अन्य मीडिया या वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं होगी।

महत्वपूर्ण तिथियां

1.	ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रारम्भिक तिथि	24.04.2019
2.	ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	14.05.2019
3.	साक्षात्कार के लिए वेबसाइट से अनुमति-पत्र डाउनलोड करना (संभावित)	19.05.2019
4.	साक्षात्कार की तिथि (संभावित)	29.05.2019

NOTE:
If there is any variation between English and Hindi version of the Employment Notification, the English version may be treated as authentic.